कार्यालय जिलाधिकारी, झाँसी।

(खनिज अनुभाग)

संख्याः– 175 /30 एम0एम0सी0/2023–24 दिनांकः 21/05/2024

सेवा में,

रजिस्ट्रार
राष्ट्रीय हरित अधिकरण,
नई दिल्ली।

विषय :– **मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–440/2023 नवीन कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांकः 18.03.2024 के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, झाँसी की ओर से आख्या/अनुदेश प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। तत्क्रम में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–440/2023 नवीन कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में विचाराधीन है। उक्त वाद में उत्तर प्रदेश राज्य प्रतिवादी संख्या–1,4,7,8 व 10 क्रमशः मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ, सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिलाधिकारी, झाँसी, आयुक्त, झाँसी मण्डल, झाँसी तथा वनाधिकारी, झाँसी वन प्रभाग, झाँसी में पारित आदेश दिनांकः 18.03.2024 के अनुपालन में आख्या/अनुदेश आवश्यक कार्यवाही एवं सुलभ सन्दर्भ हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः यथोक्त।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/
प्रभारी अधिकारी (खनिज)
झाँसी।

पत्रांक व तद्दिनांकः

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3– मा0 आयुक्त, झाँसी मण्डल, झाँसी को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
4– श्री अंकित वर्मा, स्थायी अधिवक्ता, राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/
प्रभारी अधिकारी (खनिज)
झाँसी।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण न्यायालय, नई दिल्ली में योजित (ओ0ए0)440/2023 नवीन कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य अन्य में मा0 न्यायालय के समक्ष राज्य सरकार का पक्ष प्रस्तुत करने हेतु वांछित अनुदेश (Instruction) निम्नवत् हैः–

1. प्रश्नगत क्षेत्र जनपद झांसी की तहसील गरौठा के ग्राम–धमनौड़ के गाटा संख्या–1419 ख के खण्ड संख्या–1 में स्थित 24.0 हे0 को जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट वर्ष,2019 में शामिल किये जाने से पूर्व प्रभागीय वनाधिकारी,झाँसी वन प्रभाग,झाँसी के कार्यायल पत्र संख्या–2679/15–1 दिनांकः 07.03.2019 के द्वारा नियमानुसार वन अनापत्ति प्राप्त करने के उपरान्त प्रश्नगत क्षेत्र को जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट वर्ष,2019 के पृष्ठ संख्या–53 टेबल संख्या–13 (List of Proposed mining Area in District Jhansi with Location of the area and quantity) के क्रमांक संख्या–1 में अंकित कर शामिल किया गया। **(संलग्नक–1 वन अनापत्ति दिनांकः 07.03.2019 एवं संलग्नकः–2 डी0एस0आर0,2019)**

2. जनपद झांसी की तहसील गरौठा के ग्राम–धमनौड़ के गाटा संख्या–1419 ख के खण्ड संख्या–1 में स्थित 24.0 हे0 क्षेत्र पर धसान नदी तल स्थित बालू/मोरम का उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली,2021 के अध्याय–4 के अन्तर्गत नियम–23(2)(क) एवं शासनादेश–1875(1)/86–2017 दिनांकः 14.08.2017 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रश्नगत पट्टा ई–निविदा सह ई–नीलामी प्रणाली के माध्यम से 05 वर्ष (दिनांकः 11.01.2023 से दिनांकः 10.01.2028 तक) की अवधि हेतु श्री विपिन कुमार सक्सेना पुत्र श्री ओम प्रकाश सक्सेना निवासी–एच0आई0जी0–ए/135, आशियाना प्रथम, तहसील व जिला–मुरादाबाद के पक्ष में स्वीकृत/निष्पादित किया गया है। **(संलग्नक–3 शासनादेश दिनांकः 14.08.2017)**

3. उपरोक्त खनन पट्टा निष्पादित किये जाने से पूर्व मान्यता प्राप्त अर्ह व्यक्ति से खनन योजना तैयार कराकर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म से दिनांक 26.02.2020 को अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण उत्तर प्रदेश लखनऊ (SEIAA) से दिनांक 18.11.2022 को पर्यावरणीय अनापत्ति प्राप्त किया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त उत्तरदाता संख्या–11 ने वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम–1981 एवं जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम–1974 के प्राविधानों के अन्तर्गत दिनांक 05.03.2023 को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ से Consent To Operate (CTO) भी प्राप्त किया गया है। इस प्रकार उत्तरदाता संख्या–11 विषयगत क्षेत्र में सभी विधिक आवश्यक अनापत्तियां प्राप्त करने के उपरान्त बालू/मोरम का खनन/परिवहन कर रहा है, जिसमें पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं Consent To Operate (CTO) की शर्तों का प्रभावी अनुश्रण सम्बन्धित तहसील–गरौठा के तहसील स्तरीय टास्क फोर्स एवं क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,झाँसी की कार्यवाही की जाती है। **(संलग्नक–4 खनन योजना दिनांकः 26.02.2020, संलग्नक–5 पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिनांकः 18.11.2022 एवं संलग्नक–6 CTO दिनांक 05.03.2023)**

4. प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–42(ज) में उल्लिखित है कि ''पट्टेदार नदी तल में तीन मीटर की गहराई अथवा जलस्तर जो भी कम हों, के परे कोई खनन संक्रियायें नहीं करेगा और कोई खनन, जिलाधिकारी द्वारा ऐसे परीक्षण किये गये सुरक्षा क्षेत्र में नहीं किया जायेगा''। उक्त प्राविधानों को प्रभावी अनुश्रवण तहसील स्तरीय टास्क फॉर्स टीम द्वारा किया जाता है तथा अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उक्त नियमावली,2021 के नियम–60(4) में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

5. प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र से बालू/मोरम खनन कर अन्य स्थान पर एकत्रित कर ली जाती है, जहां पर स्थापित वे–ब्रिज जिसमें 90 अंशीय कैमरे सर्वलायंश सिस्टम से जुड़े रहते है, जिसकी निगरानी में उपखनिजों के परिवहन उत्तरदाता–11 द्वारा कराया जाता है जिसमें अनियमिततायें परलक्षित होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध UPMDSS पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन नोटिस निर्गत करने की प्रभावी कार्यवाही की जाती है।

6. प्रश्नगत खनन पट्टा क्षेत्र वर्ष,2019 में जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में शामिल किया गया तथा MoEF&CC Notification No. S.0.141(E) Dated 15-Jan-2016, S.0.3611 (E) dated 25-July-2018, Sustainable Sand Mining Management Guidelines2016 and Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining-2020 के अनुसार जनपद–झाँसी में विधिमान्य खनन क्षेत्र एवं नये चिन्हित खनन क्षेत्रों के सम्बन्ध जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु शासनादेश दिनांकः 17.05.2023 के बिन्दु संख्या–6 में प्रभारी अधिकारी (खनिज) की अध्यक्षता मे उल्लिखित समिति एवं निदेशालय के पत्र दिनांकः 12.02.2024 की (एस0ओ0पी0) में Sub Divisional Committee (SDC) के सदस्यो को समाहित करते हुए विधिमान्य उपखनिज के खनन के क्षत्रों एवं नवीन खनन क्षेत्रों को Standard Operating Procedure (SOP) के अनुसार जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डी0एस0आर0) को तैयार किये जाने हेतु समिति का गठित कर कार्यवाही की जा रही है। **(संलग्नक–7 SDC समिति गठित आदेश दिनांकः 20.04.2024)**

अतः उपरोक्तानुसार उल्लिखित तथ्यों के दृष्टिगत आवेदक द्वारा प्रस्तुत याचिका बलहीन एवं भ्रामक तथ्यों पर आधारित है, जिसके दृष्टिग्त योजित याचिका निरस्त किये जाने योग्य है।

ज्येष्ठ खान अधिकारी,
झाँसी।

क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0
प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
झाँसी

अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)
झाँसी।

प्रभागीय वनाधिकारी,
झाँसी वन प्रभाग,
झाँसी

जिलाधिकारी,
झाँसी।

~~~~ 01 800

(55)

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, झाँसी वन प्रभाग, झाँसी

पत्रांक– 2679 /15–1, दिनांक, झांसी, 7-3-2019

सेवा में,

जिलाधिकारी,
झांसी।

विषयः– नई खनन नीति वर्ष 2017 के अनुसार उप खनिजों के दीर्घकालीन अवधि के खनन पट्टों के व्यवस्थापन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–769 / 30एम0एम0सी0 / 2018–19, दिनांक 04.07.2018।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में जनपद झांसी में उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रख्यापित नई खनन नीति 2017 के अनुसार उपखनिज बालू / मोरम को दीर्घकालीन अवधि हेतु ई–नीलामी सहित ई–निविदा के माध्यम से स्वीकृत किया जाना है, जिसके लिये जनपद झांसी के निम्नलिखित क्षेत्र को उक्त व्यवस्था के अनुसार दीर्घकालीन अवधि पर उठाये जाने हेतु वन विभाग की अनापत्ति चाही गयी है :–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	उपखनिज का नाम	तहसील	खनन क्षेत्र का नाम / ग्राम / नदी का नाम	गाटा सं0 / जोन सं0	रकवा (हे0 में)	रेंज का नाम
1	झांसी	बालू / मोरम	गरौठा	धमनौड़ / धसान	1419	24.00	बामौर

उक्त प्रस्तावित क्षेत्र का निरीक्षण संयुक्त रूप से खान अधिकारी, राजस्व विभागीय एवं वन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा किया गया। संयुक्त निरीक्षणोंपरान्त क्षेत्रीय वनाधिकारी, बामौर ने उक्त प्रस्तावित स्थल पर वन विभाग से सम्बन्धित आख्या निम्न प्रकार से प्रस्तुत की हैः–

1. प्रस्तावित क्षेत्र भारतीय वन अधिनियम 1927 (संशोधित अधिनियम 2001) की धारा 20 के अधीन आरक्षित वन भूमि अथवा उक्त अधिनियत की धारा–4 में वन भूमि घोषित किये जाने हेतु प्रस्तावित भूमि के बाहर है।
2. प्रस्तावित क्षेत्र धारा–4 अथवा धारा–20 में प्रस्तावित / आरक्षित वन भूमि की परिसीमा से 100 मी0 की दूरी से बाहर है।
3. प्रस्तावित क्षेत्र की वन भूमि से वास्तविक दूरी 105 मीटर से अधिक है।
4. प्रस्तावित क्षेत्र की वन स्वरूप भूमि से दूरी 100 मी0 से अधिक है।
5. प्रस्तावित क्षेत्र विज्ञप्ति सं0–617 के अन्तर्गत नहीं है।
6. प्रस्तावित क्षेत्र के 10 कि0मी0 के अन्तर्गत कोई सेन्चुरी क्षेत्र नहीं है।
7. उक्त प्रस्तावित क्षेत्र के पूरे क्षेत्र में नदी तल में स्थित बालू मोरम के लिए खनन पट्टा दिया जा सकता हैं।
8. प्रस्तावित क्षेत्र में खनन से वन्य जीव व वन पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।
9. प्रस्तावित क्षेत्र में वन उत्पाद के अभिवहन हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध है। अभिवहन वन क्षेत्र से नहीं किया जायेगा।

अतः क्षेत्रीय वन अधिकारी, बामौर की उपरोक्तानुसार आख्या एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी, मऊरानीपुर की संस्तुति दिनांक 06.03.2019 के आधार उक्त प्रस्तावित स्थल पर वन विभाग की अनापत्ति निम्न शर्तो के अधीन निर्गत की जाती हैं :–

1. खनन पट्टे का संयुक्त सर्वेक्षण खनन अधिकारी की टीम, वन विभाग की टीम व राजस्व विभाग की टीम के साथ चिन्हिकरण एवं पिलरों के द्वारा सीमांकन के पश्चात ही खनन कार्य किया जायेगा।
~~~~

(54)

राजस्व विभाग के अभिलेखों में प्रस्तावित स्थल में किसी प्रकार का विचलन पाया जाता है तो अनापत्ति पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

2. अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित विवरण के अनुसार दिये गये क्षेत्रफल व गाटाओं के लिए है। इससे इतर किये गये खनन को अवैध खनन की श्रेणी में माना जायेगा।

3. अभिवहन में वन भूमि का उपयोग नहीं किया जायेगा।

4. प्रस्तावित भूमि का धारा–4 होता हैं तो यह अनापत्ति स्वयं निरस्त समझी जायेगी।

5. स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र में खनन कार्य करते हुए स्थल पर मौजूद वृक्षों को यथावत् रहने दिया जायेगा तथा वृक्षों का पातन नहीं किया जायेगा।

6. खनन स्थल के आस–पास स्थित वृक्षों, वन्य जीवों एवं जलीय जीवों को एवं उनके प्राकृतिक अधिवास को कोई हानि नहीं पहुंचायी जायेगी।

7. यदि खनन स्थल नदी क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है तब नदी का बहाव परिवर्तित होने के कारण परिवर्तित स्थल से खनन हेतु पुनः अनापत्ति प्राप्त करनी होगी ।

8. उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी एवं अन्य वन उपज अभिवहन नियमावली, 1978 यथा संशोधित 2004 के अनुसार अभिवहन शुल्क संबंधित व्यक्ति/पट्टाधारक को नियमानुसार वन विभाग को देय होगा।

9. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि खनन हेतु पट्टा किसी ऐसे व्यक्ति को न स्वीकृत किया जाय जिसके विरूद्व पूर्व में वन अपराध दर्ज हो या जिसका अपराधिक इतिहास हो ।

10. खनन पट्टा प्राप्तकर्ता द्वारा जितने क्षेत्रफल में खनन किया जा रहा है। उतने क्षेत्रफल में अथवा न्यूनतम एक एकड़ क्षेत्रफल में स्थानीय प्रजाति के 200 फलदार/छायादार वृक्षों का रोपण सिंचाई एवं फैंसिग के साथ अपने निजी स्त्रोतो से करेगें। एक एकड़ या इससे अधिक क्षेत्रफल के खनन पट्टों की अनापत्ति के मामलें में प्रति एकड़ 200 वृक्ष उपरोक्तानुसार लगाना होगा।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

पृष्ठांकन संख्या /अ/समदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उप प्रभागीय वनाधिकारी, मऊरानीपुर।
2. क्षेत्रीय वन अधिकारी, बामौर।

प्रभागीय वनाधिकारी
झांसी वन प्रभाग, झांसी

802

District Survey Report

For

(Planning & Execution of) Minor Mineral Excavation



Chairman,
District Environmental Impact Assessment Authority,
Jhansi, U.P.

&

District Mining Officer – Jhansi

(शे० महबूब)
जिला खान अधिकारी
झाँसी

(शिव सहाय अवस्थी)
जिलाधिकारी, झाँसी

Content

1. Preface
2. Introduction
3. General Profile of the district
   - Climate Condition
   - Rainfall and humidity
   - Topography & Terrain
   - Water Course & Hydrology
   - Ground Water Development
   - Drainage System
   - Socio-economics
   - Cropping Pattern
   - Land Form and Seismidistrict
   - Flora
   - Fauna
4. Physiography of the district
5. Land use pattern of the district
6. Geology
   - Geology
   - Lithology
7. Mineral wealth
   - Soil
   - Sand
   - Description of River
8. Process of deposition
   - Mode of sediment transport
   - Sediment transport in rivers
   - Sediment Influx Rate
   - Recharge Rate
   - Estimation of Sedimentation
   - Sedimentation Yield
9. Overview of mining activity in the district
   - Reserve Estimation
   - Detail of Production Of Sand / Bajri or Minor Mineral in Last Three Years in Distt.

Overview of mining activity in the district

Table 7: Detail of Production of Sand / Bajri or Minor Mineral in Last Three Years in District Jhansi

Sr No.	Year	Production of Minor Mineral (in Cum)
1.	2014-2015	2573434.36
2.	2015-2016	4472639.29
3.	2016-2017	2434843.03

Table 8: Details of Royalty or Revenue Received In Last Three Years

Sr No.	Year	Revenue Received
1.	2014-2015	Rs.50,28,14,980
2.	2015-2016	Rs.54,69,15,187
3.	2016-2017	Rs. 62,10,54,766

Table 9: List of Mining Quarries in the District with Location, Area and Period of Validity

Sl. No	Tehsil	Village	Gata No. / Khand No.	Area (Ha)	Name of Minor Mineral	Estimated Volume of Mineral (in Cum)	River
1	Garautha	Devri	380/10, 332/1	21.044	Sand/Morram		Ghasan
2	Garautha	Behiter	522gha	14.164	Sand/Morram		Betwa
3	Garautha	Kharwach	434	24.281	Sand/Morram		Ghasan
4	Garautha	Dekaule	1129	12.140	Sand/Morram		Betwa

5	Garautha	Tharro	01, 319	20.234	Sand/Morram		Betwa
6	Garautha	Tehraka	278, 293	20.234	Sand/Morram		Betwa
7	Garautha	Erach	01	40.468	Sand/Morram		Betwa
8	Tahraule	Shamsherpura	01	12.140	Sand/Morram		Betwa
9	Tahraule	Kukar Gav	01ka	30.361	Sand/Morram		Betwa
10	Tahraule	Luhar Gav	01	12.140	Sand/Morram		Betwa
11	Moth	Paraicha	184	8.903	Sand/Morram		Betwa
12	Moth	Chelra	1055, 1107	16.187	Sand/Morram		Betwa
13	Mauraniprur	Melwara	950, 966	14.164	Sand/Morram		Mauranepur
14	Mauranipru	Pachauro	968, 796, 797, 1102	8.093	Sand/Morram		Mauranepur
15	Mauranipru	Dhawakar	1984, 2009	12.140	Sand/Morram		Mauranepur

Table 10: List of Mining permits in the District with Location, Area and Period of Validity

Sl. No	Tehsil	Village	Gata No. / Khand No.	Area (Ha)	Name of Minor Mineral	Estimated Volume of Mineral (in Cum)
1	Jhansi	Senkar	263	8.00	Sand/Morram	16184
2	Jhansi	Baghaura	563	10.00	Sand/Morram	30345
3	Jhansi	Gangawale	1	10.00	Sand/Morram	10115
4	Jhansi	Khereyapale	1	9.00	Sand/Morram	9103
5	Jhansi	Bargarh	143	8.50	Sand/Morram	8557
6	Garautha	Dhekaure	1129	10.00	Sand/Morram	40460
7	Garautha	Kudri	1, 218mi	10.00	Sand/Morram	80920
8	Garautha	Arich	502	10.00	Sand/Morram	40460
9	Garautha	Tharro	1	8.50	Sand/Morram	17195
10	Mauraniprur	Khakaura	523	10.00	Sand/Morram	40460
11	Mauraniprur	Dhawakar	1984mi	6.00	Sand/Morram	12138
12	Mauraniprur	Pachauro	968, 1019	10.00	Sand/Morram	20230
13	Tahraule	Luhar gav ghat	1	10.00	Sand/Morram	80920
14	Tahraule	Shamsherpura	01	10.00	Sand/Morram	60690
15	Moth	Velera	1107	10.00	Sand/Morram	40460
16	Moth	Paraicha	184/4	10.00	Sand/Morram	40460

Table 11:- Details of Production of Sand/ Bajari or Minor Minerals in last 3 Years in District Jhansi

Sr No.	Year	Production of Minor Minerals (in Cum.)
1.	2016-2017	2,43,4843.03
2.	2017-2018	1,79,850.00
3.	2018-2019	2,25,6000.00

Table 12:- Details of Royalty or Revenue Received in the Last 3 Years.

Sr No.	Financial Year	Revenue Received
1.	2016-2017	62,10,54,766.00
2.	2017-2018	20,2,45,57,326.00
3.	2018-2019	1,27,84,24,854.00

Table 13:- List of Proposed Mining areas in District Jhansi With Location Area and Quantity

Sl. No.	Tehsil	Village	Gata No. / Khand No.	Area (Ha)	Name of Minor Mineral	Estimated Volume of Mineral (in Cum)	River
1	Garautha	Dhamnad	1419 (Khand -1)	24.00	Sand/ Morrum	250,000.00	Dhasan
2	Garautha	Dhamnad	448, 449, 1193 (Khand-2)	20.00	Sand/ Morrum	70,000.00	Dhasan
3	Garautha	Kharwanch	908 (Khand -2)	20.00	Sand/ Morrum	180,000.00	Dhasan
4	Garautha	Devari	332/1 (Khand -2)	10.00	Sand/ Morrum	60,000.00	Dhasan
5	Garautha	Teharka	01, 277	13.00	Sand/	52,000.00	Betwa

			(Khand -2)		Morrum		
6	Garautha	Khama	01, 470	12.00	Sand/ Morrum	48,000.00	Betwa
7	Garautha	Kudri	01, 218	14.00	Sand/ Morrum	80,000.00	Betwa
8*	Garautha	Motikatra	1419 (Khand -1)	24.00	Sand/ Morrum	250,000.00	Dhasan
9*	Garautha	Motikatra	1419 (Khand -2)	24.00	Sand/ Morrum	220,000.00	Dhasan
10.	Moth	Salemapur	321	10.00	Sand/ Morrum	50,000.00	Betwa
11	Mauranipur	Nawada	373, 374, 382, 383, 384, 386, 387, 388, 782, 800, 692	5.00	Sand/ Morrum	15,000.00	Managoru
12	Mauranipur	Atpei	794	2.50	Sand/ Morrum	8,000.00	Managoru
13	Mauranipur	Atpei / Nawada	28, 67, 73, 76 & Nawada 872	14.00	Sand/ Morrum	70,000.00	Saprar
14	Mauranipur	Khakaura	523	20.00	Sand/ Morrum	150,000.00	Dhasan
15	Mauranipur	Dhawakar/ Sitora	1984& Sitora 1	9.00	Sand/ Morrum	35,000.00	Sukhnai

Note - NOC FROM FOREST DEPARTEMNT IS UNDER PROCESS.*

Table 14:- List of Operative Mines of Sand / Morrum in District Jhansi

Sr. No.	Name & Address	Details of Lease Area				Period
		Tehsil	Village	Gata No.	Area (Ha.)	
1.	R.S.I. World Pvt. Ltd.: M/s Shri Kailash Chandra Gupta S/o Shri Murari Lal Gupta, Residence – E – 7/M 708, Arera Colony, Bhopal	Garautha	Devari	308/10,332/1	21.044	19.02.2018 to 18.02.2023

	(M.P.)					
2.	Vikram Construction Company.: R/o- Near Bharat Mandir, Chirgaon Road, Jhansi	Garautha	Kharwanch	434	24.281	19.03.2018 to 18.03.2023
3.	Ambey Suppliers Pvt. Ltd. R/o- W 21, Ist Story Rajauri Garden , New Delhi	Garautha	Erach	01	40.468	10.12.2018 to 09.12.2023
4.	Ashish Yadav R/o- Village & Post Banagaon, Tehsil & Distt. Jhansi	Tahrauli	Shamsherpura	01	12.140	04.04.2018 to 03.04.2023
5.	Mayank Tomar R/o- 126, Bapu Nagar, Bhilwara (Rajasthan)	Mauranipur	Dhawakar	1984, 2009	12.140	07.04.2018 to 06.04.2023

Ordinary earth and Sand has become very important minerals for our society due to its many uses. Ordinary earth can be used for making brick, filling roads, whereas sand may be used as building sites, brick-making, making glass, sandpapers, reclamations, and etc. The role of sand is very vital with regards to the protection of the coastal environment. It acts as a buffer against strong tidal waves

20.	REPORT OF THE COMMITTEE CONSTITUTED FOR PREPARATION OF GUIDELINES FOR WORKS ON DE-SILTATION FROM BHIMGAUDA (UTTARAKHAND) TO FARAKKA (WEST BENGAL), by Government of India Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation National Mission for Clean Ganga (2017).
21.	River Sand Mining Management Guideline, Ministry Of Natural Resources And Environment Department Of Irrigation And Drainage, Malaysia
22.	Statistical Bulletin, 2006, District Jhansi
23.	"Sediment yield runoff-drainage area relationships in the United States" (1976). Dendy , F.E. and Bolton, G.C. , Journal of Soil And Water Conservation, Nov-Dec, 1976, Pg-264-266.
24.	Singh, I.B., Ansari, A.A., Chandel, R.S. and Misra, A., 1996. Neotectonic control on drainage system in Gangetic Plain, Uttar Pradesh. Journal of the Geological Society of India, 47, 599–609.
25.	Survey of India Toposheet
26.	Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016,MoEF & CC, Government of India, New Delhi
27.	Tangri A.K., Ram Chandra & S.K.S.Yadav (2000) –.Detrital influxes in the melt- water of Gangotri Glacier, Garhwal Himalaya. Nat.Sem. on Geodynamics & Environmental Management of Himalaya, Srinagar (Garhwal), Dec.4th-6th, 2000.
28.	The Uttar Pradesh Minor Minerals (Concession) Rules, 1963
29.	The Environmental (Protection)Act, 1986 and Amendments
30.	Uttar Pradesh, District Gazetteers, Jhansi, 1988

(मो० महबूब)
जिला खान अधिकारी
झाँसी

(शिव सहाय अवस्थी)
जिलाधिकारी, झाँसी

संख्या-24/2017/1875/86-2017-57(सामान्य)/2017टीसी-1

प्रेषक,

राज प्रताप सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 14 अगस्त 2017**

विषयः प्रदेश में नदी तल में उपलब्ध बालू, मोरम, बजरी आदि के क्षेत्रों को ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से परिहार पर स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि रिट याचिका संख्या-1498 वर्ष 2015 गुलाब चन्द्र मिश्र बनाम् उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 01.05.2017 के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-1963 के नियम 9क को विलोपित करते हुए नियमावली के 43वें संशोधन द्वारा अध्याय-4 में संशोधन कर ई-निविदा/ई-नीलामी/ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से क्षेत्रों के परिहार पर दिए जाने का प्राविधान किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में नदी तल में उपलब्ध बालू, मोरम, बजरी आदि के रिक्त क्षेत्रों को उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-1963 यथा संशोधित के अध्याय-4 के अन्तर्गत ई-निविदा सह ई-नीलामी (E-Tender cum E-Auction) प्रणाली के माध्यम से परिहार पर दिये जाने के सम्बन्ध में तत्काल प्रभाव से निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेंगी:-

1. नदी तल स्थित उपखनिजों के रिक्त क्षेत्रों को खनिज की उपलब्धता, परिवहन मार्ग की स्थिति, क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूलता तथा सुरक्षित खनन के दृष्टिगत अधिकतम 03 मी0 की गहराई अथवा जल स्तर, जो भी पहले हो, तक खनिज की मात्रा का आकलन करते हुए व्यवसायिक रूप से उपयुक्त खण्डों का निर्धारण किया जायेगा। निर्धारित खण्डों का क्षेत्रफल 05 हे0 से कम नही होगा। वैज्ञानिक ढंग से खनन हेतु उपयुक्त न होने की स्थिति में छोटे रिक्त खण्डों का निर्धारण किया जा सकता है परन्तु ऐसे निर्धारण के पूर्व युक्तियुक्त कारण अभिलिखित किया जायेगा। निर्धारित खण्डों के लिए वन विभाग की अनापत्ति अनिवार्य है।
2. ई-निविदा सह ई-नीलामी द्वारा नदी तल स्थित उपखनिजों के खनन पट्टा निश्चित अवधि 05 वर्ष के लिये स्वीकृत किये जायेगें। पट्टे की अवधि की गणना खनन पट्टा विलेख निष्पादन की तिथि से की जायेगी।
3. ई निविदा सह ई नीलामी की बिड/बोली उपखनिज की प्रतिघन मीटर के लिए दी जायेगी, जो उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली-1963 के अनुसूची-1 में निर्धारित रायल्टी की दर से कम नही होगी। इससे भिन्न बिड/ बोली दिये जाने पर बिड/ बोली स्वीकार नही की जायेगी तथा प्रीबिड अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जायेगी। प्राप्त उच्चतम बिड/ बोली की दर (रूपया प्रति घन मी0) को क्षेत्र में आंकलित मात्रा (घन मी0) से गुणा कर प्रथम वर्ष की नीलामी की देय धनराशि आगणित की जायेगी, जिसे पट्टा के अनुवर्ती वर्षो में प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष की नीलामी की धनराशि पर 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4. ई निविदा सह ई नीलामी दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में ई निविदा सम्पन्न की जायेगी जिसके दौरान सभी बिडर्स को एक बार ई-निविदा (E-Tender) देने का मौका प्रदत होगा जो पुनरीक्षित (Revise) नही किया जा सकेगा। ई निविदा में प्राप्त उच्चतम निविदा को आधार मूल्य (Floor Price) मानते हुए द्वितीय चरण में ई-नीलामी कराया जायेगा, जिसके दौरान बिडर्स ई-नीलामी हेतु निर्धारित तिथि एवं अवधि में ई-बिड दे सकता है। ई-नीलामी के दौरान केवल उच्चतम बोली को ही प्रदर्शित किया जायेगा जिसको देखते हुए बिडर अपना बिड पुनरीक्षित कर बढा सकते है।
5. किसी क्षेत्र के ई निविदा सह ई नीलामी हेतु बिडर्स को बिड में भाग लेने से पूर्व प्री बिड अर्नेस्ट मनी जमा करना अनिवार्य होगा, जिसकी गणना क्षेत्र में वार्षिक आंकलित खनन योग्य मात्रा एवं उपखनिज की रायल्टी दर से गुणा कर प्राप्त धनराशि का 25 प्रतिशत होगा।
6. निर्धारित खण्डों में उपखनिज की खनन योग्य मात्रा एवं उस क्षेत्र के अर्नेस्ट मनी का निर्धारण उपरोक्त प्रस्तरों के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति जिसमें अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी/तहसीलदार तथा जिले में तैनात ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक होंगे, द्वारा कराया जायेगा।
7. एम0एस0 टी0सी0 लि0 (भारत सरकार का उपक्रम) को सेवा प्रदाता के रूप में चयनित किया गया है, जिसके द्वारा राज्य सरकार की ओर से नीलामी की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। ई-निविदा सह ई-नीलामी द्वारा परिहार पर देने की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन एम0एस0टी0सी0 के ई-ऑक्शन पोर्टल www.mstcecommerce.com पर की जायेगी।
8. इच्छुक आवेदकों के लिए ऑनलाईन बिड/बोली हेतु Class III Signing type डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना आवश्यक है। एम एस टी सी के उपरोक्त पोर्टल पर जाकर अर्ह आवेदक अपने पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात ही ई-निविदा सह ई-नीलामी में भाग ले सकेगें।
9. पंजीकृत आवेदक निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाईन एक या एक से अधिक क्षेत्रों के लिए बिड में भाग ले सकेगा परन्तु उसे प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग अलग आवेदन शुल्क एवं प्रत्येक क्षेत्र हेतु निर्धारित अर्नेस्ट मनी जमा करना होगा। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी (आवेदक) ई-निविदा सह ई-नीलामी में भाग लेने के लिए सरकार के पक्ष में रू0-15,000 (रू0 पन्द्रह हजार) का आवेदन शुल्क एम0एस0टी0सी0 पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से जमा करना होगा, जो अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।
10. ई निविदा सह ई नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को एम0एस0टी0सी0 में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण हेतु व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ई-ऑक्शन पोर्टल www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध आनर्लाइन फार्म भरना पड़ेगा जिसके दौरान बिडर्स अपने लिए स्वयं जनित यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड बनायेंगे। इस आनलाईन पंजीयन के उपरान्त बिडर्स को एम0एस0टी0सी द्वारा भेजा गया सूचना ई मेल प्राप्त होगा, जिसके पश्चात् बिडर्स को आवश्यक अभिलेख स्कैन कर एम0एस0टी0सी0 को आनलाईन भेजना अनिवार्य होगा। साथ ही बिडर्स को वार्षिक पंजीकरण शुल्क जी.एस.टी. सहित रू0-1,180 (रू0 एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) एम0एस0टी0सी0 पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से आनलाईन देय होगा। अनिवार्य अभिलेख एवं वार्षिक पंजीकरण शुल्क की प्राप्ति के पश्चात् ही बिडर्स का लॉगिन आई0डी0, पासवर्ड एवं एकाउन्ट एम0एस0टी0सी0 के निर्धारित पोर्टल पर चालू (Activate) होगा।
11. पंजीकरण हेतु बिडर्स द्वारा **स्वप्रमाणित** निम्न अभिलेख/प्रमाण पत्र स्कैन कर एम0एस0टी0सी0 के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा:-
    (1) आवेदक का आधार कार्ड की प्रति, फर्म की दशा में फर्म के भागीदारों के आधार कार्ड की प्रति तथा कम्पनी के मामलें में कारपोरेट अफेयर्स मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक का Director Identification Number (DIN) के प्रमाण-पत्र की प्रति।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वैब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(2) आवेदक का अद्यावधिक चरित्र प्रमाण पत्र, फर्म के मामले में भागीदारों के अद्यावधिक चरित्र प्रमाण पत्र की प्रति तथा कम्पनी के मामले में प्रबन्ध निदेशक का इस आशय का शपथ पत्र की कम्पनी को किसी अपराधिक वाद में दण्डित नही किया गया है। चरित्र प्रमाण पत्र उस जिले के जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त होगा, जहॉ आवेदक स्थायी रूप से निवास करता हों।

(3) आवेदक का पैन कार्ड की प्रति, फर्म या कम्पनी के मामले में उसका पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 नं0 की प्रति।

(4) बैंक खाते का विवरण, जिससे ई निविदा सह ई नीलामी से सम्बन्धित समस्त वितीय हस्तान्तरण किया जायेगा, यथा बैंक का नाम, खाता संख्या आई0एफ0एस0सी0 कोड, तथा एक निरस्त चेक की प्रति,

(5) जिलाधिकारी अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया खनन देय बकाया न होने का प्रमाण पत्र। जहॉ आवेदक राज्य के भीतर कोई खनिज परिहार धारित नही करता है वहा ॅ इस आशय का शपथ पत्र की प्रति।

12.एम0एस0टी0सी0 द्वारा केवल उन्ही व्यक्ति/फर्म/कम्पनी का पंजीकरण किया जायेगा जो उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-1963 के प्रावधानों के अन्तर्गत अर्ह हो। नियम-26 के अनुसार निम्नलिखित व्यक्ति/फर्म /कम्पनी ई निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग नही ले सकते है:-

(1) जो भारतीय राष्ट्रिक नही है

(2) जिसके विरूद्ध खनिज देय बकाया है।

(3) जिसने उस जिले के जिलाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जहां वह स्थायी रूप से निवास करता है से चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त नही कर लिया है। शर्त यह है कि उक्त चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस सत्यापन के आधार पर दिया गया हो।

(4) जिसने अपना आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत न की हो।

(5) जिसका नाम काली सूची में दर्ज हो।

(6) फर्म/कम्पनी के मामलें में जिसने पैनकार्ड तथा जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत न किया हो।

13.रिक्त क्षेत्रों का विज्ञापन - खण्डों का निर्धारण एवं उसका मूल्यांकन होने के उपरान्त नियमावली-1963 के नियम-23 के प्रावधानों के अन्तर्गत तथा निम्न प्रक्रिया के अनुसार रिक्त क्षेत्रों का विज्ञापन एम0एस0टी0सी0 के वेब पोर्टल www.mstcecommerce.com, दैनिक समाचार पत्रों एवं विज्ञापन पट (नोटिस बोर्ड) पर प्रकाशित किया जायेगा।

(1) जिलाधिकारी द्वारा नियम 23(1) की घोषणा होने के उपरान्त क्षेत्रों को ई-निविदा सह ई-निलामी द्वारा पट्टे पर देने के लिए ई-निविदा के दिनांक से कम से कम 30 दिन पूर्व सार्वजनिक नोटिस (सूचना)/विज्ञप्ति प्रकाशित किया जायेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रों का सम्पूर्ण विवरण एम0एस0टी0सी0 को भी ईमेल से उपलब्ध कराया जायेगा ताकि क्षेत्रों की विज्ञप्ति एम0एस0टी0सी0 के पोर्टल पर किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये क्षेत्रों का विवरण एम0एस0टी0सी0 के पोर्टल पर डालने के बाद इसकी पुष्टि जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के दो सदस्यों द्वारा डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से किया जायेगा। डिजिटल सिग्नेचर से पुष्टि के उपरान्त ही क्षेत्रों का विवरण ई निविदा सह ई नीलामी हेतु एम0एस0टी0सी0 के वेब पोर्टल पर बिडर्स एवं सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध होगा।

(2) विज्ञप्ति में क्षेत्रों का विवरण यथा ग्राम, गाटा सं0/खण्ड सं0, नदी का नाम क्षेत्रफल, क्षेत्र में आंकलित खनन योग्य मात्रा, उपखनिज की रायल्टी दर, क्षेत्र के लिए निर्धारित प्री बिड अर्नेस्ट

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

मनी, ई-निविदा डालने की तिथि व अवधि, ई-निविदा के उपरान्त ई-नीलामी का समय व दिनांक, ई-निविदा सह ई-नीलामी की प्रक्रिया, शर्तो का विवरण आदि का उल्लेख किया जायेगा।

(3) ऑनलाईन ई-निविदा डालने तथा ई-नीलामी बोलने की विधि का पूर्ण विवरण सेवा प्रदाता संस्था एम0एस0टी0सी0 के वेब पोर्टल **www.mstcecommerce.com** पर देखा जा सकता है।

(4) रिक्त क्षेत्रों की विज्ञप्ति एम0एस0टी0सी0 के पोर्टल पर प्रर्दशित की जायेगी इसके साथ ही स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाये, जिससे कि किसी भी दशा में उक्त पोर्टल एवं समाचार पत्रों मे प्रकाशित विज्ञप्ति में कोई भी भिन्नता न हो। ई-निविदा सह ई-नीलामी की सार्वजनिक सूचना (नोटिस) निम्नानुसार प्रकाशित की जायेगी:-

क. नोटिस की प्रतियां जिलाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट पर चिपकायी जायेंगी।

ख. नोटिस की एक प्रति एम0एस0टी0सी0 द्वारा निर्धारित पोर्टल, विभागीय वेबसाईट, राज्य सरकार के ई-टेण्डर/ई-ऑक्शन पोर्टल पर प्रदर्शित की जायेगी।

ग. सर्वसाधारण की सूचना के लिए नोटिस जिलें में प्रचलित कम से कम दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।

(5) समाचार पत्रों में प्रकाशन के दिनांक से ही विज्ञप्ति की तिथि की गणना की जायेगी एवं यह सुनिश्चित किया जायेगा कि समाचार पत्रों में प्रकाशन के दिनांक से कम से कम 30 दिन पश्चात् ही ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि निर्धारित की जायेगी। 30 दिन के पश्चात् आगामी 04 दिन तक ई-निविदा प्राप्त की जायेगी।

(6) ई-निविदा सह ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को प्रत्येक क्षेत्र के लिए पृथक-पृथक रू0-15000 (रू0 पन्द्रह हजार मात्र) का शुल्क जो अप्रतिदेय होगा तथा अर्नेस्ट मनी जो विज्ञप्ति में क्षेत्र के नाम सम्मुख अंकित हो, जमा किया जाना होगा।

(7) सफल बोलीदाता/निविदादाता को छोड़कर शेष बोलीदाता/निविदादाता द्वारा जमा बयानें की धनराशि (अर्नेस्ट मनी) यथावत उसी बैंक खाते में वापस कर दी जायेगी जिस बैंक खाते से पैसा दिया गया था।

(8) जहां किसी भी कारण से ई-निविदा सह ई-नीलामी की प्रक्रिया पूरी न हो वहां कम से कम 07 दिन की अल्प अवधि की नोटिस देने के पश्चात् पुनः ई-निविदा सह ई-नीलामी की जा सकती है।

(9) अधिकतम पॉच खनन पट्टे या 400 हे0 से अधिक के क्षेत्र को, उ0प्र0 राज्य में किसी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी के पक्ष में स्वीकृत नही किया जायेगा। यदि किन्ही परिस्थितियों में एक व्यक्ति/ फर्म/कम्पनी द्वारा अपने पक्ष में 05 खनन पट्टे या 400 हे0 से अधिक के खनन पट्टे स्वीकृत करा लिया जाता है, तो अन्त में स्वीकृत खनन पट्टे निरस्त कर पट्टा अन्तर्गत जमा सम्पूर्ण धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा केवल प्रारम्भ के पाॅच क्षेत्र अथवा 400 हे0 के खनन पट्टे ही अनुमन्य होगें। परन्तु यदि आवेदक स्वयं अपने पक्ष में 05 खनन पट्टे या 400 हे0 से अधिक के खनन पट्टे हेतु जारी लेटर ऑफ इटेन्ट की सूचना देता है, तो उक्त सीमा के अन्तर्गत कोई भी खनन पट्टा क्षेत्र के चयन का उसे अधिकार होगा तथा शेष क्षेत्रों की जमा धनराशि पुष्टि के उपरान्त यथावत वापस कर दी जायेगी।

14. जिलाधिकारी द्वारा ई-निविदा सह ई-नीलामी की प्रक्रिया को सम्पादित करते हेतु निम्नानुसार निविदा समिति का गठन किया जायेगा:-

(1) जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी खनन, (अध्यक्ष)

(2) जिलाधिकारी द्वारा नामित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, (सदस्य)

(3) जिले में तैनात ज्येष्ठ खान अधिकारी/खान अधिकारी/खान निरीक्षक, (सदस्य सचिव)

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

जिलाधिकारी तथा समिति के सभी सदस्यों का डिजिटल सिग्नेचर (Class III Signing Cum Encryption) का होना आवश्यक है, यदि किसी सदस्य का उक्त डिजीटल सिग्नेचर नही है तो उसे तत्काल बनवा लिया जाय।

15. ई-निविदा सह ई-नीलामी की प्रक्रिया:-

(1) ई निविदा सह ई नीलामी दो चरणों में की जायेगी। प्रथम चरण में केवल ई निविदा विज्ञापन में निर्धारित तिथि एवं समय के अन्तगत डाली जायेगी। बिड/रायल्टी की दर प्रत्येक उपखनिज के लिए प्रतिघन मीटर के लिए दी जायेगी जो सम्बन्धित उपखनिज के लिए नियमावली-1963 के अनुसूची-1 में उल्लिखित रायल्टी की दर से कम नही होगा। द्वितीय चरण में ई निविदा में प्राप्त अधिकतम निविदा धनराशि को आधार मानकर ई नीलामी की बोली की न्यूनतम धनराशि निर्धारित होगी। प्रथम चरण के इच्छुक आवेदक उक्त न्यूनतम धनराशि के ऊपर विज्प्ति में प्रकाशित तिथि व समय के अनुसार आनलाईन बोली में भाग लेंगे।

(2) प्रथम चरण की समाप्ति के उपरान्त निम्नानुसार प्रक्रिया अपनायी जायेगी:-

(क) यदि प्रथम चरण में एक ही बिड प्राप्त होती है और उक्त बिड (ऑफर) में प्रतिघन मीटर दिया गया दर नियमावली-1963 के प्रथम अनुसूची में उस उपखनिज के लिए निर्धारित रायल्टी दर से 400 प्रतिशत से अधिक है तथा शेष शर्तें पूर्ण करता हो तो जिलाधिकारी द्वारा उस निविदादाता के पक्ष में लेटर आफ इन्टेंट जारी किया जायेगा।

(ख) यदि प्रथम चरण में केवल एक ही बिड प्राप्त होता है और उक्त बिड(आफर) में प्रतिघन मीटर में दिया गया दर नियमावली-1963 के प्रथम अनुसूची में उस उपखनिज के लिए निर्धारित रायल्टी दर से अधिक परन्तु 400 प्रतिशत से कम है तो जिलाधिकारी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, खनिज की उपलब्धता, खनिज की गुणवता, उपखनिज का बाजार मूल्य, उस क्षेत्र में खनिज की मांग, क्षेत्र में अवैध खनन की सम्भावना, राजस्व की प्राप्ति आदि पर विचार करते हुए स्वविवेक से एकल निविदादाता के पक्ष में लेटर आफ इन्टेंट जारी करने अथवा न करने के सम्बन्ध में निर्णय लेंगे।

(ग) यदि प्रथम चरण में एक से अधिक परन्तु पॉच या पॉच से कम बिड प्राप्त होता है, तो सभी बिड कर्ता द्वितीय चरण की ई-नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अर्ह होगें तथा द्वितीय चरण के अधिकतम बोलीदाता के पक्ष में जिलाधिकारी द्वारा लेटर आफ इन्टेंट जारी किया जायेगा।

(घ) यदि पॉच से अधिक बिड/आफर प्राप्त होते है तब केवल पॉच सर्वाधिक निविदाकार ही द्वितीय चरण की ई नीलामी में भाग लेने हेतु अर्ह होंगे तथा द्वितीय चरण के अधिकतम बोलीदाता के पक्ष में ही जिलाधिकारी द्वारा लेटर आफ इन्टेंट जारी किया जायेगा।

(3) उपरोक्त प्रस्तर-15(2)(ग),(घ) के अनुसार प्रथम चरण के याग्य बोलीदाता द्वितीय चरण की नीलामी में भाग ले सकते है।

(4) द्वितीय चरण में ई नीलामी की प्रक्रिया की जायेगी। ई नीलामी की प्रक्रिया प्रथम चरण की अग्रसारित प्रक्रिया होगी, जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त उच्चतम बिड/आफर द्वितीय चरण की ई नीलामी के लिए न्यूनतम बोली (Floor Price) स्वतः निर्धारित हो जायेगी।

(5) द्वितीय चरण की नीलामी की प्रक्रिया में नीलामी की निर्धारित अवधि के भीतर इच्छुक एवं अर्ह व्यक्ति/ फर्म/कम्पनी बोली में कई बार भाग ले सकता है। नीलामी की ऑनलाइन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

प्रक्रिया में स्क्रीन पर अधिकतम बोली प्रदर्शित होती रहेगी और प्रदर्शित बोली से अधिक बोली ऑनलाइन ही दिया जा सकता है।

(6) निर्धारित समय के पश्चात् बोली बन्द हो जायेगी और उसके उपरान्त कोई बोली नही दिया जा सकता है। बोली के अन्तिम समय मंे यदि कोई और बोली प्राप्त होती है तो नीलामी की बोली का समय स्वतः 05 मिनट के लिए बढ़ जायेगा। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक 05 मिनट के अन्तराल में कोई और बोली प्राप्त नही होती है।

(7) ई निविदा सह ई नीलामी की कालयोजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जायेगी:-

प्रेस विज्ञप्ति (विज्ञप्ति का प्रकाशन)	प्रथम दिन
प्रथम चरण ई निविदा (ई टेण्डर) की अवधि	31वें दिन (पूर्वाह्न 10.00 बजे) से 34वें दिन (सांय 05.00 बजे) तक
प्रथम चरण में प्राप्त ई-निविदा(बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्यांकन	35वें दिन से 36वें दिन तक
द्वितीय चरण ई नीलामी की अवधि	37वें अथवा उसके बाद के दिन जैसा जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा। (पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक) अथवा (अपराह्न 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक)

(8) परिणाम की घोषणा एवं उसका प्रदर्शन:

क. प्रथम चरण की निविदा प्रक्रिया का परिणाम निविदाकार (Tenderer) के लॉगिन पर प्रदर्शित होगा। प्रथम चरण के निविदा प्रक्रिया के समापन के पश्चात् अधिकतम निविदा धनराशि (बिडिंग एमाउन्ट) प्रदर्शित की जायेगी। सभी निविदाकार द्वितीय चरण की बोली हेतु वे योग्य है अथवा नही को भी लॉगिन कर जान सकते है।

ख. एकल निविदा के मामलो को छोड़कर शेष मामलों में द्वितीय चरण की नीलामी समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त अधिकतम बोली उसके बोलीदाता का विवरण एम0एस0टी0सी0 के निर्धारित पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा।

16. **पट्टे का दिया जाना:** नियमावली के नियम-28 के प्रावधानों के अनुसार ई-निविदा सह ई नीलामी के मामलें में उस बोली या प्रस्ताव को प्रस्तर-15(2) मे दिये गये प्रक्रिया के अनुसार जिलाधिकारी स्वीकार करेंगे जो उच्चतम हो। जिलाधिकारी द्वारा सफल एवं नियमानुसार अर्ह बोलीदाता /निविदादाता को उनके द्वारा प्रस्तुत मूल अभिलेख के सत्यापन के एक सप्ताह के अन्दर लेटर आफ इन्टेंट निर्गत किया जायेगा।

17. ई-नीलामी समाप्त होने के पश्चात 03 कार्य दिवस के अन्दर सफल बोलीदाता को अपने मूल अभिलेख का सत्यापन उस जनपद के जिलाधिकारी जहाँ क्षेत्र स्थित है, के द्वारा अथवा निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, निदेशालय के द्वारा कराना होगा। निदेशक द्वारा मूल अभिलेख की सत्यापन की स्थिति में अभिलेख सत्यापन की आख्या ई-मेल के माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी को पेषित की जायेगी। अभिलेख सत्यापन के पश्चात ही जिलाधिकारी द्वारा लेटर आफ इन्टेंट जारी किया जायेगा। सत्यापन में यदि कोई अभिलेख अथवा प्रमाण पत्र कूटरचित, असत्य अथवा गलत पाया जाता है तो लेटर आफ इन्टेंट जारी नही किया जायेगा तथा बयाने की धनराशि (अर्नेस्ट मनी) जब्त कर ली जायेगी।

18. **लेटर आफ इन्टेंट में निम्न विवरण होंगे:-**

